**Patrika (Indore), 28th August 2024, Page- 05**

## आइआइटी में आयोजित किए 12 बूटकैंप

# 445 विद्यार्थियों ने सीखी मानव रहित विमान प्रणाली तकनीक



इंदौर. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित स्वयान परियोजना में आइआइटी इंदौर ड्रोन इलेक्ट्रॉनिक्स में तेजी से प्रगति कर रहा है। आइआइटी इंदौर में इस परियोजना की शुरुआत 22 सितंबर 2022 को हुई थी। इसके तहत संस्थान बूटकैंप के 12 बैच आयोजित कर चुका है, जिसमें मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस) तकनीक में 445 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा, बूटकैंप स्वयान परियोजना की आधारशिला है। यूएएस टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञता विकसित करने के लिए डिजाइन किए गए गहन प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इन बूटकैंपों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि प्रतिभागी वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में ड्रोन टेक्नोलॉजी की जटिलताओं को समझने के लिए तैयार हो। डॉ. सुमित गौतम ने कहा, हर बूटकैंप में क्लासरूम शिक्षण और व्यवहारिक अनुभव संयोजन होता है। इससे सुनिश्चित होता है कि प्रतिभागियों को यूएएस तकनीक की पूरी जानकारी मिल सके।